राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राजभवन में पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस आयोजित

## बुद्धिजीवियों और क्रांतिकारियों की धरती बंगाल का देश में विशिष्ट योगदान – राज्यपाल

जयपुर, 20 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में पश्चिम बंगाल मूल के लोगों से संवाद किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध राज्य है । उन्होंने कहा कि साहित्य, कला, संगीत, शिल्प आदि क्षेत्रों में बंगाल का विशिष्ट स्थान है। उन्होंने कहा कि बंगाल बुद्धिजीवियों और क्रांतिकारियों की धरती है, जिसने देश को स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, रविंद्र नाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसी महान विभूतियां दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्मरण करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल आज भारत का हिस्सा है तो इसमें उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

राज्यपाल ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत को साकार करते हुए पश्चिम बंगाल के मूल निवासी आज राजस्थान की संस्कृति में समरस होकर यहां की उन्नति में जो योगदान कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है। उन्होंने उपस्थित जन को संविधान की संस्कृति से जुड़े विभिन्न पहलुओं से भी अवगत कराया। राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल के उपस्थित लोगों से परिचय प्राप्त कर उनके बारे में जानकारी भी ली।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार ने पश्चिम बंगाल की संस्कृति और स्थापना दिवस आयोजन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित पश्चिम बंगाल मूल के लोगों ने बंगाली संस्कृति से जुड़ा गीत भी प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, राजस्थान में निवासरत पश्चिम बंगाल के मूल निवासी उपस्थित रहे।

————

## राजभवन में प्रातः 8 बजे आयोजित होगा योग दिवस कार्यक्रम

जयपुर, 20 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के सान्निध्य में बुधवार को राजभवन में प्रातः 8 बजे अंतराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

———